


# बिहार विधान परिषद् दैनिक विवरणिका

संख्या- 2 सत्र- 191वां


**सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख**
**मंगलवार, दिनांक 12.2.2019 ई.**

**माननीय कार्यकारी सभापति श्री मो. हारूण रशीद की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही आरंभ हुई।**

**12.00 मध्याह्न से 5.00 अपराह्न तक**

**1. कार्यस्थगन प्रस्ताव के माध्यम से आसन का ध्यान आकृष्ट किया जाना एवं आसन का नियमन**

सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल, श्री सुबोध कुमार ने विधि-व्यवस्था के संबंध में कार्यस्थगन प्रस्ताव के माध्यम से आसन का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसका समर्थन माननीय सदस्य, डा. रामचन्द्र पूर्वे ने किया जबकि सत्तापक्ष की ओर से कई माननीय सदस्यों ने कार्य स्थगन का विरोध किया। कार्य स्थगन प्रस्ताव पर आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि श्री सुबोध कुमार, माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल से प्राप्त कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना को बिहार विधान परिषद् की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 104(4) के आलोक में अस्वीकृत कर दिया गया है।

**2. प्रश्नोत्तर काल**

**अल्पसूचित प्रश्न**

प्रश्न संख्या- 1 से 7 तक उत्तरित हुए।

प्रश्न संख्या- 8, 10, 11, 12 सदन पटल पर रखे गए।
प्रश्न संख्या- 9, 13, 14 अनागत हुए।

**आसन का नियमन**

अल्पसूचित प्रश्न संख्या- 7 पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के मामले में सरकार सिर्फ इतना ही कह सकती है कि उन्होंने आग्रह किया है या आगे की प्रक्रिया शुरू की है, उससे ज्यादा डिस्कशन यहां अभी नहीं हो सकता है, इसपर बहस नहीं हो सकती है।

**तारांकित प्रश्न**

प्रश्न संख्या- 1 से 5 तक उत्तरित हुए।
प्रश्न संख्या- 12, 15, 16, 17, 19, 21, 22, 24, 25, 27 सदन पटल पर रखे गए।
प्रश्न संख्या- 6 से 11, 13, 14, 18, 20, 23, 26, 28 अनागत हुए।

**3. आसन की सूचना**

आसन से माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने सदन को सूचित करने की कृपा की कि माननीय सदस्यगण, कल से हमारा सचिवालय इस स्थिति में होगा कि आपको अधिक से अधिक प्रश्नों का उत्तर घर पर ही शाम में उपलब्ध करा दिया जाए, इसलिए यह समस्या कल से घटेगी और ज्यादा काम संपादित हो सकेगा, सिर्फ सप्लीमेंट्री रहेगा। धीरे-धीरे हमलोग 100 परसेंट पर आयेंगे, कल से हमारी शुरुआत हो जायेगी।

(मेजें थपथपा कर स्वागत)

**4. आसन को सूचना**

1. माननीय सदस्य, डा. दिलीप कुमार चौधरी ने वित्त रहित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के सात साल से बकाया अनुदान एवं घाटा अनुदान की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया, जिसका समर्थन डा. संजीव कुमार सिंह, डा. रामचन्द्र पूर्वे, प्रो. संजय कुमार सिंह, प्रो. नवल किशोर यादव ने भी किया तथा सरकार से अनुरोध किया कि घाटा अनुदान के लिए समिति निश्चित रूप से गठित हो।

**आसन का नियमन**

आसन से माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने यह नियमन देने की कृपा की कि हमने जो बैठक बुलाई थी, आप उसमें उपस्थित थे। सरकार को सभी मुद्दों से अवगत कराया गया। हमने कोई घोषणा नहीं की है, नवल जी, आप इसको वापस लीजिए, मेरे द्वारा घोषणा नहीं की गई है। हमने बैठक बुलाई थी, आपलोगों को बैठाकर आपस में बात कराया और उसमें जो बातें हुईं, आप भी वहां मौजूद थे, इसलिए आपका यह कहना उचित नहीं है कि मैंने कोई घोषणा की।

2. माननीय सदस्य, डा. रामचन्द्र पूर्वे ने तालीमी मरकज़ और टोला सेवक के लड़के एवं लड़कियों के आमरण अनशन की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया तथा अनुरोध किया कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करे।

## 5. शून्यकाल

शून्यकाल के दौरान निम्नांकित माननीय सदस्यों ने विभिन्न विषयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया-

1. श्री राधाचरण साह एवं श्री प्रेमचन्द्र मिश्रा
2. प्रो. नवल किशोर यादव

**आसन का निदेश**

माननीय सदस्य, श्री राधाचरण साह एवं श्री प्रेमचन्द्र मिश्रा की शून्यकाल की सूचना पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह निदेश देने की कृपा की गई कि आप दे दें, सरकार इसे देखेगी।

माननीय सदस्य, प्रो. नवल किशोर यादव शून्यकाल की सूचना पर सदन की भावना को देखते हुए आसन से यह निदेश देने की कृपा की गई कि आप दे दें, सरकार इसे देखेगी।

## 6. ध्यानाकर्षण

1. माननीय सदस्य, श्री राधाचरण साह द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत आरा सदर अस्पताल की दयनीय स्थिति के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय ने वक्तव्य दिया।

2. माननीय सदस्य, डा. रामचन्द्र पूर्वे द्वारा राज्य में गलत एवं मानक के विपरीत संचालित प्राइवेट नर्सिंग होम, निजी अस्पताल एवं जांच केन्द्रों की अमानवीय कृत्य की जांच कर यथोचित कार्रवाई के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय ने वक्तव्य दिया।

**(अंतराल)**

3. माननीय सदस्य, श्री तनवीर अख्तर द्वारा सुपौल जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत कर्णपुर में स्वीकृत स्वास्थ्य उप केन्द्र का भवन निर्माण कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय ने वक्तव्य दिया।

**आसन का नियमन**

आसन से यह नियमन देने की कृपा की गई कि इस सत्र से जो भी आश्वासन, चाहे वह ध्यानाकर्षण का हो या तारांकित या अल्पसूचित प्रश्न का हो वह सीधे विभाग को जाएगा और यह नियमन निवेदन में भी लागू रहेगा। जो विलंब होता था वह विलंब अब नहीं होगा, त्वरित होगा।

4. माननीय सदस्य, श्री रामईश्बर महतो द्वारा सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड के रमना भासर गांव की भासर मच्छाहा पंचायत के वार्ड नं.-8 में अवस्थित स्वास्थ्य उप केन्द्र को अपग्रेड कर सुचारु रूप से संचालित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय ने वक्तव्य दिया।

5. माननीय सदस्य, श्री दिलीप कुमार चौधरी द्वारा बिहार में तैयार अस्पताल भवनों में आवश्यक उपकरण, चिकित्सक एवं कर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित कर अस्पतालों को चालू करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

इसपर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री मंगल पाण्डेय ने वक्तव्य दिया।

## 7. वित्तीय कार्य

**वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक का उपस्थापन**

श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया गया।

## 8. वित्तीय वर्ष 2018-19 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन

श्री सुशील कुमार मोदी, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 की तृतीय अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन किया गया।

## 9. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए –

1. श्री अशोक चौधरी
2. श्री कृष्ण कुमार सिंह
3. श्रीमती रीना देवी उर्फ रीना यादव
4. डा. रामवचन राय
5. श्री केदारनाथ पाण्डेय

## 10. आसन द्वारा धन्यवाद दिया जाना

आसन से माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने आज महामहिम राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर हुए वाद-विवाद के दौरान सदन में पूरी तरह से शांति बनाये रखने तथा माननीय सदस्यों द्वारा व्यक्त किए गये विचारों की उत्कृष्टता के लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद तथा बधाई दी।

## 11. निवेदन

निवेदन के माध्यम से निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सदन का ध्यान आकृष्ट किया-

1. श्री केदारनाथ पाण्डेय
2. श्री संजय कुमार सिंह
3. डा. संजीव श्याम सिंह

4. श्री हीरा प्रसाद बिन्द
5. प्रो. नवल किशोर यादव
6. श्री राधाचरण साह
7. श्री रामचन्द्र पूर्वे
8. श्री दिलीप कुमार चौधरी

माननीय कार्यकारी सभापति महोदय ने सदन की अनुमति से यह निदेश देने की कृपा की कि प्राप्त सभी निवेदनों को निवेदन समिति के माध्यम से संबंधित विभागों को प्रेषित किया जाय।

**तत्पश्चात् परिषद् की बैठक बुधवार, दिनांक 13.2.2019 को 12.00 मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई।**

12/02/2019

**(सुभीम शर्मा)**
मुख्य प्रतिवेदक,
बिहार विधान परिषद्।

ज्ञापांक- 267 (3) / वि.प. पटना, दिनांक 12.2.2019

**प्रतिलिपि** : बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण/ माननीय मुख्यमंत्री सहित अन्य माननीय मंत्रीगण/ महामहिम राज्यपाल के सचिव, बिहार/ माननीय महाधिवक्ता, बिहार/ माननीय लोकायुक्त, बिहार/ बिहार सरकार के सभी विभाग तथा विभागाध्यक्ष/ सभी राज्यों के विधानमंडलों के सचिव/ लोक सभा तथा राज्य सभा सचिवालय, नई दिल्ली/ विधि मंत्रालय, नई दिल्ली/ पुस्तकालयाध्यक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली/ बिहार विधान मंडल पुस्तकालय, पटना/ निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार/ अधिष्ठान निदेशक, आकाशवाणी, पटना/ समाचार संपादक, दूरदर्शन केन्द्र, पटना/ सचिव, बिहार विधान सभा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रमोद कुमार
12-02-2019

**(प्रमोद कुमार)**
वरीय प्रतिवेदक,
बिहार विधान परिषद्।